देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 247 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...एस-400 और एके-203

# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 6 जनवरी 2022





मौसम अधिकतम 13.0° न्यूनतम 6.0° | 40243.39 | 2 किम जोंग उन ने दुनिया को डराया | 7 गेंदबाजी के बाद बल्लेबाजी में कमाल

# थैंक्स...मैं जिंदा लौट पाया: पीएम

## पंजाब में पीएम मोदी की सुरक्षा में बड़ी चूक आई सामने

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में चूक सामने आई है। बठिंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से फिरोजपुर जाते समय रास्ते में किसानों का प्रदर्शन चल रहा था। इस वजह से पीएम मोदी का काफिला 15-20 मिनट तक फ्लाइओवर पर फंसा रहा। न्यूज एजेंसी के अनुसार, मोदी ने वापस बठिंडा एयरपोर्ट आकर वहां के अधिकारियों से कहा, अपने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहना कि मैं भटिंडा हवाई अड्डे तक जिंदा लौट पाया।

**एमएइए ने मांगी रिपोर्टः** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस घटना को प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर चूक करार दिया है। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के दौरान गंभीर सुरक्षा खामी के बाद उनके काफिले ने लौटने का फैसला किया। बयान में यह भी कहा गया कि मंत्रालय ने पंजाब सरकार से इस चूक के लिए जवाबदेही तय करने और कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा है। जिस वक्त यह घटना हुई, उस वक्त प्रधानमंत्री बठिंडा से हुसैनीवाला में राष्ट्रीय शहीद स्मारक की ओर जा रहे थे।

फिरोजपुर में कार्यक्रम-स्थल पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, प्रधानमंत्री आप सभी से मिलना चाहते थे लेकिन किसी कारणवश वह आज हम लोगों के बीच नहीं आ पा रहे हैं। प्रधानमंत्री की बहुत इच्छा थी आप सभी से मिलने की...उन्होंने कहा है कि कार्यक्रम रद्द नहीं किया गया है बल्कि उसे स्थगित किया गया है। मोदी दो साल के अंतराल के बाद आज पंजाब पहुंचे थे। विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त किए जाने के बाद यह राज्य में उनका पहला दौरा था। इन कानूनों को लेकर किसानों ने लगभग एक साल तक दिल्ली की सीमाओं पर विरोध प्रदर्शन किए थे।

**फिरोजपुर रैली हुई स्थगितः** बाद में फिरोजपुर में होने वाले प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। प्रधानमंत्री को फिरोजपुर में पीजीआईएमईआर के 'उपग्रह केंद्र' और दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे सहित 42,750 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने का कार्यक्रम था।

### 20 मिनट तक फ्लाइओवर में फंसे रहे पीएम

विरोध प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री पंजाब में 15 से 20 मिनट तक एक फ्लाइओवर पर फंसे रहे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसे प्रधानमंत्री की सुरक्षा में गंभीर खामी माना है और राज्य सरकार से इस मामले में रिपोर्ट तलब किया है।



### बीजेपी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बठिंडा दौरे पर सुरक्षा चूक का आरोप लगाते हुए बीजेपी ने पंजाब सरकार पर निशाना साधा। दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस नेता श्रीनिवास बीवी पर पलटवार किया। स्मृति ईरानी ने कहा कि 20 मिनट तक पीएम मोदी की जान खतरे में रही और कांग्रेस पूछ रही कि हाउ इज द जोश? स्मृति ईरानी ने कहा,हम जानते हैं कि कांग्रेस मोदी से नफरत करती है। उन्होंने देश को प्रधानमंत्री को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। जब पीएम मोदी के काफिले की सुरक्षा में चूक हो रही थी तो कांग्रेस नेता खुशी से उछल रहे थे। वह पूछ रहे थे कि हाउ इज द जोश। ये किस तरह का जश्न है।

### पीएम पर हमला नहीं हुआ, अगर चूक हुई तो जांच करवाएंगेः सीएम चन्नी

पंजाब। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक पर पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने सफाई दी। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से मिलने वाले लोगों का मंगलवार को कोरोना टेस्ट किया गया। मेरे ऑफिस के दो लोग संक्रमित मिले। यही वजह है कि मैं पीएम मोदी के कार्यक्रम में नहीं पहुंचा। हम अपने पीएम का सम्मान करता हूं। वित्त मंत्री मनप्रीत सिंह बादल ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। केंद्रीय की एजेंसियों के हवाले पूरा कार्यक्रम था। हमने किसानों को रात तक रास्ते से हटाया। सीएम चन्नी ने यह भी कहा कि सुरक्षा को लेकर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। पीएम के लिए कोई खतरा नहीं था। प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री से मिलना चाहते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम की सुरक्षा में चूक पर गृह मंत्री की दो-टूक

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को फिरोजपुर में एक रैली करने वाले थे लेकिन सुरक्षा कारणों के चलते यह रैली रद्द कर दी गई है। गृह मंत्रालय ने पीएम मोदी की सुरक्षा में इसे बड़ी चूक करार देते हुए पंजाब पुलिस से जवाब तलब किया है। गृह मंत्रालय ने पंजाब सरकार से इस चूक की जिम्मेदारी तय करने और सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

### दिल्ली में सामने आए 10 हजार से अधिक मामले

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली में कोरोना की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है। बुधवार को राजधानी में 10,665 नए संक्रमित मिले हैं, वहीं आठ लोगों की मौत हो गई है। कुल कोरोना संक्रमितों की बात करें तो यह संख्या 23,307 हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक सकारात्मकता दर 11.08 फीसदी हो चुकी है।

# अब तीसरी लहर ने पकड़ ली रफ्तार!

## एक हफ्ते में एक्टिव केस 77 हजार से बढ़कर दो लाख के पार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। भारत में कोरोना संक्रमण के मामले कितनी तेजी से बढ़ रहे हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक्टिव केस एक ही हफ्ते में 77 हजार से बढ़कर दो लाख की संख्या को पार कर गया है। पिछले एक सप्ताह में औसतन लगभग 30 हजार मामले दर्ज किए गए हैं। छह राज्यों में एक्टिव केस 10 हजार से अधिक है। पिछले हफ्ते केवल दो राज्यों में यह संख्या 10 हजार के पार थी। इसकी जानकारी स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को कोरोना की स्थिति को लेकर ब्रीफिंग में दी।

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने ब्रीफिंग में कहा कि भारत में आज 2,14,000 सक्रिय मामले हैं। एक सप्ताह पहले ये संख्या 77 हजार थी।

### 18 वर्ष से अधिक आयु की 90.8 प्रतिशत को पहली डोज लगी

लव अग्रवाल ने ब्रीफिंग में कोरोना टीकाकरण को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि देश में 18 वर्ष से अधिक आयु की 90.8: जनसंख्या को वैक्सीन की पहली डोज और दूसरी डोज 65.9 प्रतिशत जनसंख्या को लगाई गई है। देश में 15-18 वर्ष के बीच 7.40 करोड़ किशोर हैं, अब तक 1.06 किशोरों को वैक्सीन की पहली डोज दी जा चुकी है।

पिछले 24 घंटों में देश में 58,097 मामले दर्ज किए गए हैं। दुनिया भर में अब रोजाना 17.62 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। भारत में आज 2,14,000 सक्रिय मामले हैं। पिछले एक सप्ताह में औसत देखें तो 29,925 मामले प्रतिदिन दर्ज किए गए हैं।

लव अग्रवाल ने ब्रीफिंग में आगे कहा कि पिछले सप्ताह 2 राज्य ऐसे थे जहां सक्रिय मामले 10 हजार से अधिक थे अब ऐसे राज्य बढ़कर 6 हो गए हैं। 2 राज्यों में 5-10 हजार सक्रिय मामले हैं। महाराष्ट्र में सप्ताह के आधार पर सक्रिय मामलों में 4 गुणा बढ़ोतरी हुई है। पश्चिम बंगाल में भी सक्रिय मामलों में 3.4 गुणा बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में सक्रिय मामलों में 9 गुणा बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लव अग्रवाल ने ब्रीफिंग में ओमिक्रोन वैरिएंट को लेकर कहा कि देश में अब तक ओमिक्रोन के 2135 मामले दर्ज किए गए हैं, जिसमें से 828 मरीज रिकवर हो चुके हैं। देश में ओमिक्रोन वैरिएंट से संक्रमित एक मरीज की मौत भी हो चुकी है।

# उत्तराखंड में आए कोरोना के 505 नए मामले

संवाददाता

देहरादून। कोरोना संक्रमण के लिहाज से उत्तराखंड में स्थिति बिगड़ती जा रही है। राज्य में आज बुधवार को कोरोना के 505 नए मामले मिले हैं। वहीं 119 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं। जबकि सक्रिय मामले एक हजार पहुंच गए हैं। देहरादून जनपद में आज 253 नए मामले आए हैं।

**बीजापुर गेस्ट हाउस के सभी कर्मियों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव केजरीवाल के संपर्क में आए थे** दून स्थित बीजापुर गेस्ट हाउस के सभी 23 कर्मचारियों की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव आई है। आरटीपीसीआर जांच के लिए मंगलवार को सैंपल लिए गए थे। ये सभी कर्मचारी होम आइसोलेशन में थे।

उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी प्रमुख व दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सोमवार को देहरादून पहुंचे थे। परेड मैदान में रैली को संबोधित करने से पहले वह जौलीग्रांट एयरपोर्ट से सीधे बीजापुर गेस्ट हाउस गए थे। यहां उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी। इस दौरान बीजापुर गेस्ट हाउस में तैनात कार्मिक भी उनके संपर्क में आए थे। केजरीवाल के कोरोना संक्रमित मिलने पर विभाग ने इनके सैंपल लिए थे। जिसकी रिपोर्ट बुधवार को आई।

**आप के प्रदेश प्रवक्ता समेत चार आइसोलेटः** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सभा में शामिल हुए आम आदमी पार्टी प्रवक्ता सामित टिक्कू समेत चार लोग आइसालेशन में हैं। सामित टिक्कू ने बताया कि सभा के दौरान वह दिल्ली के सीएम के संपर्क में आए थे। उनके कोरोना संक्रमित होने की खबर आने के बाद वह खुद और उनके संपर्क में आए चार लोग आइसोलेट हैं। चारों लोगों ने अपनी आरटीपीसीआर जांच करा ली है। उन्होंने बताया कि कोरोना रिपोर्ट आने तक वे आइसोलेशन में ही रहेंगे।

### अलर्ट

■सक्रिय मामले एक हजार पहुंच गए

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# खराब मौसम के चलते चॉपर हुआ था क्रैश!

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

### वायुसेना ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को दी पूरी जानकारी

नई दिल्ली। देश के पहले सीडीएस जनरल बिपिन रावत के हेलिकॉप्टर क्रैश की जांच पूरी कर ली गई है। भारतीय वायुसेना ने तीनों सेनाओं की जांच में निकले निष्कर्षों के बारे में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को आज जानकारी दी। 8 दिसंबर को हुए हेलिकॉप्टर हादसे में जनरल बिपिन रावत और 13 अन्य की मौत हो गई थी। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि जांच दल ने रूस में बने एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के संबंध में अपनी जांच पूरी कर ली है। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि भारतीय वायु सेना के हेलिकॉप्टर में किसी तकनीकी खामी के कारण यह हादसा नहीं हुआ था, लेकिन इसे लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

जांच टीम के मुताबिक एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर के पायलट उस दिन विंग कमांडर पृथ्वी सिंह चौहान थे और क्रैश से ठीक 8 मिनट पहले उन्होंने कहा था कि वह हेलिकॉप्टर को लैंड करा रहे हैं।